दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. नीतीश मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा कोटे से सात नये मंत्री किये गये शामिल।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ कल से शुरू हो रहा है बिहार विधानमंडल का बजट सत्र।

03. महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ प्रयागराज महाकुंभ सम्पन्न। छियासठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

04. और, प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर सड़क हादसों और डूबने की घटनाओं में सत्रह लोगों की मौत।

———————————————————

नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे से सात मंत्रियों को शामिल किया गया है। कल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें दरभंगा से विधायक संजय सरावगी और जाले से विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोती लाल प्रसाद, सारण जिले के अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू, नालंदा जिले के बिहारशरीफ से विधायक डॉक्टर सुनील कुमार और अररिया जिले के सिकटी के विधायक विजय कुमार मंडल ने मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सदस्यों की संख्या बढ़कर छत्तीस हो गयी है। भाजपा कोटे के मंत्रियों की संख्या बढ़कर इक्कीस हो गयी है। मंत्रिमंडल में जदयू से तेरह और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एक मंत्री शामिल हैं।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों की अलग–अलग बैठक होगी। कल राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट पेश करेंगे। चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श होगा। वहीं,

छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी।

———————————————————————————

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब भाजपा में सांगठनिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। पार्टी ने चार मार्च को प्रदेश परिषद की बैठक बुलाई गई है। बैठक में प्रदेश भाजपा परिषद के प्रभारी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के भी शामिल होने की सम्भावना है। बापू सभागार में होने वाली इस बैठक में मंडल, प्रखंड और जिलास्तरीय कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी सदस्य शामिल होंगे।

———————————————————————————

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा है कि पार्टी महागठबंधन में मजबूती के साथ बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री राजा ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ भाकपा और माकपा संयुक्त रूप से सभी जिला मुख्यालयों पर बीस मार्च को प्रदर्शन करेगी।

———————————————————————————

महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ प्रयागराज महाकुंभ कल सम्पन्न हो गया। पैंतालीस दिन के इस आध्यात्मिक महाकुंभ में छियासठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, विदेशी प्रतिनिधि, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा कई केंद्रीय मंत्री सहित प्रमुख हस्तियों ने पवित्र डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी।

———रिपोर्ट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में बिहार से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

बच्चे–बडे बुजुर्ग और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्ग के लोग इस पवित्र अवसर के साक्षी बने। उत्तर प्रदेश से लगने वाली सीमा से सटे जिलों बक्सर, कैमूर और सीवान से होकर सड़क मार्ग के रास्ते भी प्रयाग राज जाने वाले लोगों का तांता लगा रहा। सीमांचल के इलाकों में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर भी इन श्रद्धालुओं का महाकुंभ जाने के लिए तांता लगा रहा। रेलवे इस आयोजन को सफल बनाने और जन सेवा में एक बड़ा भागीदार रहा। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से 800 से अधिक रेलगाड़ियां श्रद्धालुओं के लिए चलाई गयी। इसमें बड़ी संख्या में कुंभ स्पेशल ट्रेन भी शामिल हैं। महाकुंभ के दौरान आम के साथ साथ खास लोग भी इस महा आयोजन में शामिल हुए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अलावा बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा इसमें शामिल हुए और आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के अलावा राज्य के कई मंत्रियों , विधायकों और निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी महाकुंभ में शामिल होकर इस महा आयोजन के साक्षी बने। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना

———————————————————————————————

प्रदेश के उनचास रेल गुमटी पर नए रेलवे ऊपरी पुल, आरओबी का निर्माण होगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार को इस संबंध में पत्र भेजा है। पत्र में रेलवे से इन आरओबी को बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया है।

———————————————————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ के दृष्टिकोण से एक सौ चौंसठ स्थलों को संवेदनशील माना है। इन स्थलों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी जल संसाधन विभाग को सौंपी गयी है। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए चार सौ पचास करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की है। गौरतलब है कि बिहार में एक जून से बाढ़ अवधि की शुरुआत होती है। इसे देखते हुये संवेदनशील स्थलों की मरम्मत कार्य पूरा करने के लिए पन्द्रह मई की समय सीमा निर्धारित की गयी है।

———————————————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान सड़क हादसों और डूबने की घटनाओं में सत्रह लोगों की मौत हो गयी। डूबने की घटना में नौ जबकि सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत की खबर है। पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर गंगा नदी में डूबने से चार युवकों की मौत हो गयी। वहीं, दो युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया। एक लापता किशोर की तलाश जारी है। इधर, सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत जब्दी गांव में तालाब में डूबने से दो सहोदर भाइयों की मौत हो गई। मृतक रुन्नीसैदपुर प्रखंड के महिंदवारा गांव के रहने वाले थे। बक्सर नगर थाना क्षेत्र स्थित सोमेश्वर स्थान घाट पर गंगा नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। दूसरी तरफ खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपौहली गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————————————

इधर, रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में मोर गांव के पास एक डम्पर अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा पर पलट गया। इस हादसे में ऑटो ड्राईवर और एक यात्री की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य घायल हो गये। पटना जिले के पुनपुन और बख्तियारपुर में हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में छह अन्य घायल हो गये। वहीं, कैमूर जिले के नौहट्टा गांव के पास ट्रैक्टर पलटने की घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि चौदह अन्य घायल हो गये। ये सभी महाशिवरात्रि का मेला देख कर अपने घर लौट रहे थे। दूसरी तरफ, वैशाली जिले

के महुआ थाना क्षेत्र के पातेपुर रोड में महाशिवरात्रि के जुलूस के दौरान क्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिन के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच, विभाग ने कल कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जमुई, भागलपुर और बांका जिले में कुछ जगहों पर बारिश के आसार जताए हैं। वहीं, एक मार्च को कटिहार, नवादा, जमुई, भागलपुर और बांका में एक–दो जगहों पर आंशिक बारिश की स्थिति बनेगी।

———————————————————————————

जमुई के नागी–नकटी पक्षी अभ्यारण्य में आज से दो दिवसीय कलरव पक्षी महोत्सव की शुरूआत हो रही है। इस महोत्सव में देश–विदेश के कई पक्षी विशेषज्ञ, वैज्ञानिक तथा जल और मृदा विशेषज्ञ शामिल होंगे।

———————————————————————————

सुपौल जिले के छातापुर और किशनपुर थाना क्षेत्रों में अपराधियों ने सीएसपी संचालक और फाइनेंस कर्मी से दो लाख छह हजार रुपये लूट लिए।

———————————————————————————

लखीसराय नगर थाना क्षेत्र के धर्मराइचक मोहल्ले में पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र के लौना परसा गांव से सीबीआई ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पर इलाहाबाद बैंक की गोवा शाखा से एक करोड़ पैंतालीस लाख रूपये धोखाधड़ी करने का आरोप है।

———————————————————————————

रोहतास पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी भोला यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो अपराधी रजनीश कुमार और राजा पंडित पटना का जबकि एक अपराधी लल्लू महतो नालंदा का है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीतीश मंत्रिमंडल के विस्तार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नीतीश कैबिनेट में भाजपा के सात और मंत्री। राज्य सरकार में मुख्यमंत्री समेत अब छत्तीस मंत्री।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मंत्रिमंडल में सात नये मंत्री, सात जाति, छह जिले, हर क्षेत्र और हर वर्ग को साधने की कोशिश।

प्रभात खबर ने केन्द्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आपराधिक मामलों में दोषी नेताओं पर चुनाव लड़ने से आजीवन प्रतिबंध लगाना सही नहीं। दैनिक भास्कर ने लिखा है– ऐतिहासिक महाकुम्भ– छियासठ करोड़ लोग, पैंतालीस दिन चले दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के गवाह बने। अगला कुम्भ नासिक में। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– राज्य में बंद पड़ी औद्योगिक इकाईयों की जमीन पर विकसित होंगे नये उद्योग। आज अखबार की सुर्खी है– पहली बार भारत ने किया एंटी शिप मिसाईल का सफल परीक्षण।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नीतीश मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा कोटे से सात नये मंत्री किये गये शामिल।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ कल से शुरू हो रहा है बिहार विधानमंडल का बजट सत्र।

03. महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के साथ प्रयागराज महाकुंभ सम्पन्न। छियासठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

04. और, प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर सड़क हादसों और डूबने की घटनाओं में सत्रह लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।